# OUP – अंतरराष्ट्रीय निजता नीति

| **इतिहास रिकॉर्ड बदलें** | | | |
|---|---|---|---|
| **संस्करण** | तारीख बदलें | उद्देश्य | लेखक |
| **1** | 2018 | पहला संस्करण | निजता टीम |
| **1.1** | नवबर 2022 | छोटे अपडेट | आ अली |
| **1.2** | मार्च 2023 | छोटे अपडेट | एम केनेडी |
| **2** | मार्च 2023 | मज़ूरी | ज पटेल |
| **2. 1** | 07/09/2023 | छोटे अपडेट | एम केनेडी |
| **3.0** | 04/10/2023 | मज़ूरी | ज पटेल |
| **3. 1** | 24/11/2023 | rights.requests@oup.com को DSR.Requests@oup.com से बदलें | एम केनेडी |
| | | | |

## 1. परिचय

1.1. ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिट प्रेस ("OUP") आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लागू होने वाले उचित डेटा सुरक्षा कानूनों का सम्मान करने के साथ-साथ, जहाँ भी लागू हो, वहाँ यूके डेटा सुरक्षा अधिनियम 2018, यूके सामान्य डेटा सुरक्षा विनियम, यूरोपीय संघ सामान्य डेटा सुरक्षा विनियम, कैलिफ़ोर्निया उपभोक्ता निजता अधिनियम, बाल्य ऑनलाइन निजता सुरक्षा अधिनियम और पारिवारिक शिक्षा अधिकार एवं निजता अधिनियम की सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निजता नीति बताती है कि हम ऐसा कैसे करते हैं और यह आपके द्वारा OUP वेबसाइटों, उत्पादों और सेवाओं के किए जाने वाले उपयोग पर कैसे लागू होती है।

## 2. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल कैसे करते हैं

2.1. हम व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल OUP उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करने और उन्हें प्रदान करने, हमारी वेबसाइटों की सुरक्षा पक्की करने और अपना व्यवसाय संचालित करने के लिए करते हैं। हमने इस पेज पर हमारे द्वारा इकट्ठा की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी की श्रेणियों, उस व्यक्तिगत जानकारी को हमारे द्वारा प्रोसेस किए जाने के खास तरीकों, हमें ऐसा करने की अनुमति देने वाले कानूनी आधारों और उन अलग-अलग तरह के साझेदारों के बारे में और जानकारी दी है, जिनके साथ हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा करते हैं।

2.2. कुछ मामलों में जहाँ हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की माँग करते हैं, वहाँ हम ऐसा आपके अनुरोध को पूरा करने के मकसद से करते हैं (जैसे कि आपका ऑर्डर भेजने के लिए आपकी पता जानकारी माँगते हैं)। अगर आप हमें वह व्यक्तिगत जानकारी नहीं देते, तो हम आपका अनुरोध या ऑर्डर प्रोसेस नहीं कर सकेंगे।

2.3. हम चाहे आपकी व्यक्तिगत जानकारी का इस्तेमाल किसी भी तरह से क्यों न करें, हमारे पास उसकी गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपाय मौजूद हैं। इसमें ISO 27001 की उपलब्धि और डेटा को खोने, चोरी होने या किसी भी तरह के अनधिकृत उपयोग से बचाने के लिए कई तरह के तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों को लागू करना शामिल है। OUP के सुरक्षा उपायों के बारे में और जानकारी के लिए, आप privacy@oup.com से संपर्क कर सकते हैं।

# 3. सहमति देना और वापस लेना और अपना व्यक्तिगत डेटा अपडेट करना

3.1. जब हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस करने के लिए आपकी सहमति की ज़रूरत होगी, तो हम आपकी सहमति उस वक्त लेंगे, जब आप हमें अपना डेटा प्रदान करेंगे। आप जब चाहें यह सहमति वापस ले सकते हैं। आप जब चाहें अपनी व्यक्तिगत जानकारी को अपडेट भी कर सकते हैं। अगर आप

इनमें से कोई भी काम करना चाहते हैं, तो हमारा व्यक्तिगत डेटा अनुरोध फ़ॉर्मभरकर पूरा कर सकते हैं या rights.requests@oup.com पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।

3.2. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी तीसरे पक्षों को नहीं बेचते।

# 4. आपकी व्यक्तिगत जानकारी को संग्रहित करना, स्थानांतरित करना और अपने पास संभालकर रखना

4.1. आपकी व्यक्तिगत जानकारी यूनाइटेड किंगडम ("यूके") और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र ("ईईए") सहित उस देश के बाहर संग्रहित और प्रोसेस की जा सकती है, जहाँ उसे इकट्ठा किया जाता है। जानकारी को यूके/ईईए के भीतर या कहीं और स्थानांतरित करते समय, हम पक्का करते हैं कि आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने वाली उचित सुरक्षा व्यवस्थाएँ और तकनीकी उपाय मौजूद हैं। ऐसा करने के लिए, हम डेटा को सिर्फ़ उन्हीं देशों में स्थानांतरित करेंगे, जो यूके में उत्पन्न होने वाली व्यक्तिगत जानकारी को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया करवाते हैं या फिर हम उसे किसी ऐसे तीसरे पक्ष को स्थानांतरित करेंगे, जहाँ हमारे पास आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए अनुमोदित स्थानांतरण प्रणालियाँ मौजूद हैं। यूके/ईईए से स्थानांतरित की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी के मामले में, हम अंतरराष्ट्रीय डेटा स्थानांतरण समझौतों, यूके सूचना आयुक्त कार्यालय और यूरोपीय आयोग द्वारा स्वीकृत मानक संविदात्मक खंडों का इस्तेमाल करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं द्वारा लागू किए गए आबद्धकारी कॉर्पोरेट नियमों का इस्तेमाल करते हैं या फिर हम दुनियाभर के कानूनों के तहत आवश्यक अन्य मिलते-जुलते उपाय लागू करते हैं। आप हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी को privacy@oup.com पर ईमेल से अपना अनुरोध भेजकर समीक्षा के लिए उचित प्रणाली की कॉपी हासिल कर सकते हैं।

4.2. हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी के रिकॉर्ड सिर्फ़ तभी तक रखेंगे, जब तक वह उन उद्देश्यों को पूरा करने के लिहाज़ से ज़रूरी होंगे, जिनके लिए हमने उन्हें इकट्ठा किया है। इसके अलावा, हम इस तरह के रिकॉर्ड को अपने पास संभालकर रखने के संबंध में लागू होने वाली किसी भी वैधानिक या नियामक शर्त का पालन करेंगे। हम मार्केटिंग उद्देश्यों के लिए आपके व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग बंद करने के अनुरोधों का सम्मान करते हैं। इसमें आपके अनुरोध का अनिश्चितकाल तक रिकॉर्ड रखना भी शामिल है, ताकि हम भविष्य में आपके अनुरोध का सम्मान कर सकें।

# 5. कुकीज़

5.1. हम अपनी वेबसाइटों पर कुकीज़ और अपने ऐप्स तथा अन्य सॉफ़्टवेयर में कुकीज़ से मिलती-जुलती तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। यह आप पर कैसे लागू हो सकती है इसकी विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी कुकी नीति देखें।

# 6. आपके अधिकार

6.1. आपको अपनी व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच माँगने, उसमें सुधार करवाने या उसे मिटाने का अनुरोध करने का अधिकार है, आपके पास अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार है और साथ ही अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग पर आपत्ति जताने का अधिकार है। आपके पास OUP के वैध हितों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग पर आपत्ति जताने का अधिकार है। आपके पास डायरेक्ट मार्केटिंग के मकसद से हमारी ओर से आपको भेजी जाने वाली डायरेक्ट मार्केटिंग और प्रोफ़ाइलिंग पर आपत्ति जताने का अधिकार है। अगर आप दिए गए किसी भी अधिकार का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो हमारा व्यक्तिगत डेटा अनुरोध फ़ॉर्म पूरा कर सकते हैं या फिर rights.requests@oup.com पर हमसे संपर्क

कर सकते हैं।

6.2. अगर आप इस निजता नीति के बारे में कोई सवाल पूछना चाहते हैं, तो privacy@oup.com पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।

6.3. आपके पास यह अधिकार है कि आप हमारे द्वारा की जाने वाली आपकी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग के खिलाफ़ डेटा सुरक्षा पर्यवेक्षण प्राधिकरण से उस देश में शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जहाँ आप रहते हैं, काम करते हैं या जहाँ आपको

ऐसा लगता है कि कोई उल्लंघन हुआ था।

# 7. हमसे संपर्क करें

7.1. हमारी वेबसाइटों, उत्पादों और सेवाओं का डेटा कंट्रोलर The Chancellor, Masters and Scholars of the University of Oxford है, जिसका व्यापारिक नाम Oxford University Press है और जिसका पता Great Clarendon Street, Oxford OX2 6DP, United Kingdom है, बशर्ते वेबसाइट, उत्पाद, सेवा या उस फ़ॉर्म में अन्यथा न दर्शाया गया हो, जिसके ज़रिए आपने हमें अपना व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया है। उदाहरण के लिए, अगर आपने www.oupe.es, वेबसाइट के ज़रिए अपना व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया है, तो डेटा कंट्रोलर Oxford University Press España S.A है। अगर आपको ठीक से नहीं मालूम कि आपका डेटा कंट्रोलर कौन है या फिर आप इस नीति के बारे में कोई सवाल पूछना चाहते हैं, तो OUP के डेटा सुरक्षा अधिकारी से इसी पते या फिर ईमेल के ज़रिए privacy@oup.com पर संपर्क कर सकते हैं।